बिहार लोक सेवा आयोग

नेहरू पथ, (बेली रोड) पटना–800001

प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय संविधान के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग को सौपे गये दायित्वों के फलस्वरूप आयोग की परीक्षाओं के संचालन एवं चयन प्रक्रिया पूर्ण करने से सम्बन्धित बढ़े हुए कार्यो के ससमय निष्पादन हेतु कार्यहित एवं लोकहित में आयोग कार्यालय में सहायक के स्वीकृत एवं रिक्त पदों के विरूद्ध दैनिक मानदेय 500/–रू० एवं सवारी भत्ता 100/–रू० कुल 600/–रू० प्रति कार्यदिवस के भुगतान की शर्त पर कार्य करने के निमित्त बिहार लोक सेवा आयोग कार्यालय, पटना तथा बिहार सचिवालय एवं संलग्न कार्यालय से सेवानिवृत्त प्रशाखा पदाधिकारियों एवं सहायकों से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते है :–

उक्त मानदेय पारिश्रामिक राशि पर नियोजन हेतु शर्त्ते निम्नवत् है:–

1. उम्र सीमा – अधिकतम 65 वर्ष।
2. भुगतेय पारिश्रमिक–पारिश्रमिक–500/–एवं सवारी भत्ता–100 रू० = कुल– 600/– प्रति कार्यदिवस।
3. कार्य– परीक्षा से संबधित कार्य एवं अन्य आवश्यक कार्य।
4. शर्त्त– सेवाकाल का कोई आरोप लंबित नहीं हो अथवा विभागीय कार्यवाही लंबित नहीं हो। किसी प्रकार का फौजदारी मुकदमा लंबित नहीं हो।
5. चयन प्रक्रिया– आयोग के सचिव की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से शैक्षिणक योग्यता/अनुभव/स्वास्थ्य आदि के आधार पर चयन कर अधिकतम 100 (एक सौ) उम्मीदवारों की एक पैनल सूची तैयार की जायेगी एवं उक्त सूची से ही आयोग के कार्य की आवश्यकतानुसार कार्य पर रखा जायेगा।
6. उक्त विज्ञापन को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार आयोग को सुरक्षित है।

आवेदन पत्र भरने हेतु आवश्यक निर्देश

7. आवेदन निर्धारित प्रपत्र में ए–4 आकार (210X297 मिमी०) के मोटे कागज पर स्वहस्तलिपि में भरें। आवेदन भरने हेतु अंग्रेजी के अंतर्राष्ट्रीय अंको का ही प्रयोग करें।
8. भरा हुआ आवेदन पत्र दिनांक–**18.04.2022** की **संध्या 05:00 बजे** तक सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, 15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001 पटना के पदनाम से केवल निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से [illegible] प्राप्त की जायेगी। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
9. लिफाफा के ऊपर "दैनिक मानदेय/पारिश्रमिक पर नियोजन हेतु आवेदन" एवं उस पर अपना पूरा पता अनिवार्य रूप से अंकित की जाय।
10. आवेदन पत्र के साथ सेवानिवृत्त होने वाले विभाग/कार्यालय का नाम, सेवानिवृत्ति की तिथि, सेवानिवृत्ति के पूर्व के 10 वर्षो के अन्तर्गत कोई विभागीय कार्यवाही/आरोप/दण्ड संसूचित/लंबित नहीं होने संबंधी एक शपथ–पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
11. विहित आवेदन पत्र के साथ जन्म तिथि प्रमाण पत्र (प्रवेशिका प्रमाण पत्र) एवं महालेखाकार, बिहार, पटना द्वारा निर्गत पेंशन प्राधिकार पत्र/संबंधित विभाग द्वारा निर्गत पहचान पत्र/आधार कार्ड, पैन कार्ड की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनुलग्नक के रूप में संलग्न की जाय। साथ ही 16X10 से०मी० का स्वपता लिखित एक लिफाफा जिसपर 25 रू० का डाक टिकट सटा हो, भी विहित आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।
12. आवेदन पत्र भरने संबंधी विस्तृत जानकारी एवं विहित आवेदन प्रपत्र आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

29/03/22

सचिव,

बिहार लोक सेवा आयोग

पटना

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

विहित आवेदन प्रपत्र

(सवोनिवृत्त प्रशाखा पदाधिकारियों/सहायकों के प्रतिकार्य दिवस के पारिश्रमिक के आधार पर नियोजन हेतु)

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में)..

   (अंग्रेजी में)..

पासपोर्ट साईज का फोटो अच्छी तरह चिपकाएं एवं इस प्रकार स्वअभिप्रमाणित करें कि उसका आधा भाग आवदेन पर एवं आधा भाग फोटो पर रहे।

2. पिता/पति का नाम (हिन्दी में)..

   (अंग्रेजी में)..

3. जन्म तिथि ....

4. सेवानिवृत्ति की तिथि :–..

5. विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि को उम्र :–

वर्ष			महीना			दिन		

6. शैक्षिक योग्यता :–..

7. लिंग [ ] 1–पुरूष 2–स्त्री (यदि पुरूष हैं तो आयत में 1 एवं स्त्री हैं तो 2 भरें।)

8. क्या आप किसी आरक्षित वर्ग से है? यदि हाँ, तो संबधित जाति का नाम एवं कोड यथा अनुसूचित जाति के लिए 02, अनुसूचित जनजाति के लिए 03, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के लिए 04, पिछड़ा वर्ग के लिए 05, पिछड़े वर्ग की महिला के लिए 06 एवं आर्थिक रूप से कमजोर के लिए 07 रिक्त आयत भरें :– (कृप्या प्रमाण–पत्र की छाया प्रति संलग्न करें)

   जाति का नाम :–[ ] आरक्षण कोड सं० :–[ ]

9. कार्यालय/विभाग का नाम, जहाँ से सवानिवृत्त हुए हैं ....

10. पी०पी०ओ०नं० :–..

11. सेवानिवृत्ति के पूर्व किस–किस कार्यालय/विभाग में कार्यरत रहे हैं (पिछले पाँच पदस्थापन का विवरण दें) ....
....

12. सेवानिवृत्ति के पूर्व 10 वर्षों के अन्तर्गत यदि विभागीय कार्यवाही/आरोप/दण्ड संसूचित/लंबित हो तो उसका विवरण :–..
....

13. स्थायी पता :– ....
....

14. पत्राचार का पता :– ....
....

15. दूरभाष/मोबाईल सं० :– ....

उम्मीदवार का हस्ताक्षर

हिन्दी में [ ]

अंग्रेजी में [ ]

16. तिथि ....

17. स्थान ....